विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2020 (World Air Quality Report)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/world-air-quality-report

- स्विट्ज़रलैंड की वायु-गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी आई.क्यू. एयर (IQ Air) द्वारा 'विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2020' रिपोर्ट जारी की गई है। यह रिपोर्ट विश्व के **106 देशों के PM 2.5 प्रदूषण के आँकड़ों** पर आधारित है।
- रिपोर्ट के अनुसार, **विश्व के 30 सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में से 22 शहरों के साथ भारत शीर्ष पर** है। दिल्ली विश्व का 10वाँ सबसे प्रदूषित शहर व सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी है। ध्यातव्य है कि दिल्ली की वायु-गुणवत्ता में वर्ष 2019 के मुकाबले वर्ष 2020 में सुधार हुआ है।
- चीन के होतान/खोतान (Hotan) शहर (PM सांद्रता 110.2 μg/m³) के बाद गाज़ियाबाद (PM सांद्रता 106.6 μg/m³) विश्व का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर है। इसके अलावा, विश्व के शीर्ष 10 प्रदूषित शहरों की सूची में अन्य भारतीय शहर क्रमशः **बुलंदशहर, बिसरख जलालपुर, भिवाड़ी, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, कानपुर, लखनऊ और दिल्ली** हैं।
- रिपोर्ट के अनुसार भारत में PM सांद्रता वर्ष 2019 के सापेक्ष कम हुई है, इसके बावजूद सबसे प्रदूषित देशों की सूची में **भारत तीसरे स्थान पर** था, जबकि वर्ष 2019 के दौरान भारत का स्थान पाँचवाँ था। वर्ष 2020 की रिपोर्ट में बांग्लादेश शीर्ष पर, जबकि **पकिस्तान दूसरा सबसे प्रदूषित देश** रहा। इस सूची में **चीन 14वें, जबकि यू.एस.ए. 84वें** स्थान पर रहा।

IAS / PCS
Online Video Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
Online
Learning
Programme
JOIN NOW
15% Discount for
Next 500 Students

IAS / PCS
Pendrive Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
15% Discount for Next
500 Students